हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 22 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

09 जामगांव में जगदीश्वर गरीबनाथ शिव मंदिर...



10 पैरी घूमर जलप्रपात बना पर्यटकों का पसंदीदा...





## खबर संक्षेप

### आउटर से हरियाली गायब, डिवाइडर बंजर

**राजिम।** प्रदेश में इन दिनों तेज गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। दिन के तापमान में इजाफा हुआ है। लू के थपेड़ों से लोगों का बुरा हाल है। भारी गर्मी से समूचा राजिम क्षेत्र अछूता नहीं है। राहगीरों को शहर के भीतर जैसे तैसे छांव का सहारा मिल जाता है। किंतु आउटर में यात्रियों का बुरा हाल है। राजिम नगर मुख्य बस स्टैंड से अभनपुर तक दुपहिया वाहन चालकों को रुकने के लिए एक भी छायादार स्थल या वृक्ष नहीं है। अभनपुर से रायपुर 27 किलोमीटर के सफर में पेड़ का नामो निशान नहीं है। लिहाजा राजिम से 45 किलोमीटर तक का सफर लोगों के लिए भारी पड़ रहा है। दुपहिया वाहन में खासकर महिलाओं एवं बच्चों को तेज धूप से राहत के लिए एक भी ठहरने की जगह नहीं है। बता दें कि अभनपुर से नवापारा मार्ग निर्माण के चलते मुख्य मार्ग के किनारे से वर्षो पुराने छायादार पेड़ों को काट दिया गया लेकिन जिम्मेदारों ने नए पौधे नहीं लगाए। जिसका खामियाजा यात्रियों, वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। हर वर्ष बरसात एवं विश्व पर्यावरण दिवस में लाखों पौधे लगाए जाते है। किंतु उचित देखभाल एवं सुरक्षा के बिना सभी पौधे मर जाते है। तापमान इन दिनो शहर में 43 डिग्री के आसपास है। ऐसे में लोग सुबह 9 बजे के पहले या फिर शाम 5 बजे के बाद ही सफर करना उचित समझ रहे है।

### युवक के साथ मारपीट चार के खिलाफ रिपोर्ट

**महासमुंद।** ग्राम सावित्रीपुर में एक युवक के साथ मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी यशवंत कुमार जटवार पिता हरिशंकर (32 साल) ग्राम सावित्रीपुर ने बताया कि 20 अप्रैल की रात करीब नौ बजे उसके साथ हीरालाल व अन्य तीन लोगों ने उसके साथ मारपीट, गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 8(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम बैधपाली बाजार में सरायपाली पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 50 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि बैधपाली बाजार से 20 अप्रैल को आरोपी विजय भारती पिता दूजेराम (31 साल) निवासी नूनपानी के कब्जे से 50 लीटर महुआ शराब कीमत 10 हजार रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### शराब पीने की सुविधा दे रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** जमदरहा चौक भंवरपुर में लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहे एक व्यक्ति के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। मामले में आरोपी नरेंद्र साहू पिता चैतराम (41 साल) ग्राम पुरुषोत्तमपुर के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

# देशी शराब गायब, अंग्रेजी में ब्रांड का ठिकाना नहीं,17 दुकान में सप्लाई ठप

## ग्राहक घंटों भटकने के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में शराब की सप्लाई पूरी तरह चरमराने से हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं। जिले की सभी 17 मदिरा दुकानों में देशी शराब की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो चुकी है, जिससे कई दुकानों के शटर बंद जैसे हालात बन गए हैं। वहीं अंग्रेजी शराब की कुछ सीमित बोतलें ही उपलब्ध हैं, लेकिन उनमें भी ब्रांड की कोई निश्चितता नहीं है। इस अभूतपूर्व स्थिति से मदिरा उपभोक्ता खासे परेशान हैं। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में शराब की पैकेजिंग को लेकर लागू की जा रही नई प्लास्टिक बोतल नीति विवादों में घिर गई है। राज्य सरकार कांच की बोतलों के स्थान पर प्लास्टिक बोतलों में शराब बिक्री की व्यवस्था लागू करना चाहती है। सरकार का तर्क है कि इससे लॉजिस्टिक्स आसान होगा, बोतलों के टूटने का खतरा कम होगा और परिवहन लागत में भी कमी आएगी।हालांकि इस फैसले का डिस्टिलर्स और बोतल निर्माता कंपनियों ने विरोध शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि यह निर्णय जल्दबाजी में लिया गया है और इससे उनके व्यवसाय पर सीधा असर पड़ेगा। विरोध के चलते कई डिस्टिलर्स ने उत्पादन और सप्लाई धीमी कर दी है, जिसका सीधा असर अब बाजार में दिखने लगा है। प्रदेश की कई सरकारी शराब दुकानों में सस्ती शराब की सप्लाई या तो कम हो गई है या पूरी तरह बंद हो चुकी है। खासकर देशी और लो-कॉस्ट विदेशी शराब के ब्रांड्स बाजार से लगभग गायब हैं, जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### शराब की सप्लाई बंद

सूत्रों के मुताबिक, इस पूरे विवाद के बीच फील्ड स्तर के अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। कई स्थानों पर शराब दुकानों के बाहर ग्राहकों पर चालानी कार्रवाई किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। विभागीय स्तर पर मतभेद की स्थिति भी बनती दिख रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस संबंध में आबकारी उप निरीक्षक नागेश राज श्रीवास्तव ने बताया कि जिले की सभी 17 दुकानों में देशी शराब की सप्लाई पूरी तरह बंद है, जबकि अंग्रेजी शराब की सीमित खेप उपलब्ध है, जिसे फिलहाल बेचा जा रहा है। फिलहाल प्लास्टिक बोतल नीति को लेकर जारी खींचतान के बीच सबसे ज्यादा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है, जो शराब की उपलब्धता को लेकर भटकने को मजबूर हैं।

## मांग : अफसरों के लिखित आश्वासन के बाद शाम 6 बजे चक्काजाम स्थगित

# पट्टानाला में पुल निर्माण की मांग को लेकर हजारों ग्रामीण सड़क पर उतरे, 14 घंटे चला चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

खास खबर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में बसे ग्राम पंचायत अमाड़, देवझरअमली, धुपकोट रास्ते मे पड़ने वाली विशाल नदी पट्टानाला में पुल निर्माण की मांग को लेकर आदिवासी ग्रामीणो का गुस्सा आज फुट पड़ा। सुबह तड़के चार बजे ही हजारों ग्रामीणों ने मैनपुर से महज 30 किमी दूर ग्राम जुगाड़ नेशनल हाइवे 130 सी मुख्यमार्ग मे बैठकर चक्काजाम प्रारंभ कर दिया। रायपुर से मैनपुर देवभोग ओड़िशा को जोड़ने वाले इस मुख्यमार्ग मे छोटे-छोटे बच्चों को गोद मे लेकर ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया जिसकी जानकारी लगते ही प्रशासनिक अमला में हड़कंप मच गई। अपर कलेक्टर पंकज डहरे, एडिशनल एसपी धीरेन्द्र पटेल, एसडीएम हितेश्वरी बाघे, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन, एसडीओपी मैनपुर ओमप्रकाश खुजुर, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के कार्यपालन अभियंता अभिशेक पाटकर, थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा एवं जिले के आला अफसरों ने ग्रामीणों को चक्काजाम समाप्त करने कई बार मनाने की कोशिश किया लेकिन चक्काजाम कर रहे ग्रामीण मानने को तैयार ही नहीं हो रहे थे ⏭ शेष पेज 8 पर

- चक्काजाम के चलते दूल्हा सहित बारातियों से भरा वाहन घंटो फसा रहा





### आदिवासी क्षेत्र के ग्रामीणो के साथ सरकार अन्याय कर रही है : नेताम

चक्काजाम धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा की आजादी के 79 वर्षो बाद भी आदिवासी क्षेत्र के ग्रामीणो के साथ शासन प्रशासन छल कर रही है। ग्रामीणों को अपनी मांगों और मूलभूत सुविधाओं की मांग के लिए चक्काजाम करने मजबूर होना पड़ रहा है। यह राज्य और केन्द्र सरकार की तमाम विकास के दावों की पोल खोलकर रख दिया है। आदिवासी समाज महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा की उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व मे निवास करने वाले लोगों को विस्थापित करने का षडयंत्र रचा जा रहा है ग्रामीणों को कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है हमें संविधान द्वारा मिले अधिकारों का उपयोग करने की जरूरत है। आदिवासी भुंजिया नेता टीकम नागवंशी ने कहा पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पुल पुलिया के लिए हमे संघर्ष करना पड़ रहा है दूसरी तरफ राज्य सरकार रजत जयंती मना रही है।



### 25 किमी तक वाहनों की लंबी कतार लगी रही

चक्काजाम के चलते मैनपुर से 08 किमी दूर झरियाबाहरा से लेकर कोयबा इंदागांव तक लगभग 25 किमी वाहनों की लंबी कतार जंगल के भीतर लगी रही और वहीं ट्रक एवं मालवाहक ड्राईवर क्लीनर भोजन बनाते नजर आए तो यात्रीगण पीने के पानी के लिए इस भीषण गर्मी में तरस गए। चक्काजाम में शामिल हजारों ग्रामीणों ने अपने साथ आधी रात को ही चांवल दाल और राशन सामाग्री लेकर आंदोलन करने पहुंचे हुए थे भारी सुरक्षा व्यवस्था तैनात किया गया था।

### दूल्हा राजा सहित सैकड़ों बाराती चक्काजाम में फसे

नेशनल हाइवे मे चक्काजाम के कारण दूल्हा राजा सहित सैकड़ो बाराती घंटो चक्काजाम में फसे रहे दुर्ग के हिर्रा ग्राम से धुरवागुड़ी हरदीपारा बारात आ रहे दूल्हे राजा और सैकड़ों बारातियों के वाहन चक्काजाम में घंटों फसे रहे। बड़ी मान मनौव्वल के बाद दूल्हे राजा को तो जाने दिये लेकिन सैकड़ो बाराती और बस चक्काजाम समाप्त होने के बाद ही आगे जा पाये छोटे-छोटे बच्चों के साथ सफर कर रहे सैकड़ों यात्री ओड़िशा से लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न हिस्सों के लोग चक्काजाम में फसे रहे। भीषण गर्मी में चाय पानी के लिए जंगल में तरस गए।

### कार ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर इलाज के दौरान मौत



**नवापारा-राजिम।** एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम मोखेतरा निवासी अनूपचंद साहू उम्र 35 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एचपी 3122 में ग्राम भोरिंग से अपने ससुराल ग्राम परसट्टी धूमा जा रहा था। शाम करीब 4.30 बजे ग्राम पोंड़ मेन रोड के पास पहुंचा था, कि तभी नवापारा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार सीजी 04 एचएस 9500 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि अनूपचंद साहू को कई जगहों पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर सोमवार को नवापारा पुलिस आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 281 एवं 106(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर जांच कर रही है।


# जर्जर भवन में जान जोखिम में डाल रहे मासूम, बिजली-पानी का घोर अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर






गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में आंगनबाड़ी की स्थिति नहीं सुधर रही है जिसके कारण इसका असर बच्चों और गर्भवती माताओं पर पड़ रहा है। कई आंगनबाड़ी भवनों में न तो शौचालय की व्यवस्था है न ही पानी की सुविधा। इस भीषण गर्मी में बच्चे बगैर पंखा के आंगनबाड़ी केन्द्रो में सुबह 11 बजे तक बेहाल हो रहे है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 15 किमी दूर ग्राम बड़ेगोबरा स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र की स्थिति बेहद ही खराब हो गई है भवन बेहद जर्जर हो गया है। दरवाजा चैनलगेट टूट गया है और तो और यहा बिजली नही होने के कारण बच्चों के लिए पंखा की सुविधा नहीं है। पानी की भी सुविधा नहीं है जिसके कारण छोटे-छोटे बच्चे एवं गर्भवती माताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बड़ेगोबरा आंगनबाड़ी में कुल 15 बच्चे है और यह आंगनबाड़ी काफी वर्षो पुराना होने के कारण बेहद जर्जर हो गया है जिसके कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गोबरा के उपसरपंच सालिक राम विश्वकर्मा ने बताया की नया आंगनबाड़ी भवन बनाने की मांग कई बार कर चुके हैं लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके से मांग किया है कि नया आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया जाये साथ ही यहां सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।




## मास्टर ट्रेनरों ने दी विस्तृत जानकारी

# जनगणना में इस बार पूछे जाएंगे 34 प्रकार के प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा





शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में जनगणना कार्य के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण तीन चरणों में, प्रत्येक चरण तीन-तीन दिवस का है। प्रथम चरण 14, 15 एवं 16 अप्रैल, द्वितीय चरण 18, 19 एवं 20 अप्रैल तथा तृतीय चरण 22, 23 एवं 24 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक संचालित हो रहा है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों के रूप में डॉ. विनीत कुमार साहू सहायक प्राध्यापक, शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय, छुरा, भूपत कुमार कन्नौजे, विनोद कुमार देवांगन तथा टोपेश्वर कुमार साहू द्वारा प्रतिभागियों को विस्तृत मार्गदर्शन दिया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस गरियाबंद कलेक्टर उईके की उपस्थिति रही, जबकि द्वितीय दिवस में अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण संपन्न हुआ। तहसीलदार इस प्रशिक्षण के चार्ज प्रभारी हैं।

**34 प्रकार के प्रश्न-** प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेज है, जिसके माध्यम से किसी क्षेत्र की जनसंख्या, लिंग अनुपात, शिक्षा, रोजगार, आवास एवं अन्य सामाजिक-आर्थिक स्थितियों का विस्तृत आंकलन किया जाता है। यह कार्य भारत के जनगणना संगठन द्वारा संपादित किया जाता है। मास्टर ट्रेनरों ने जानकारी दी कि इस बार कुल 34 प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें व्यक्ति, घर, रोजगार ⏭ शेष पेज 8 पर

# जय परशुराम के जयघोष से गूंजा शहर, निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भगवान परशुराम की शोभायात्रा राजिम शहर में बहुत ही धूमधाम से धुमाल बाजे और बैंड बाजे के साथ निकाली गई। जिसमें ब्राह्मण समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। मातृशक्तियों की भी अच्छी संख्या में सहभागिता रही। यह शोभायात्रा रानी श्यामकुमारी देवी धर्मशाला से निकलकर गायत्री मंदिर-सुभाष चौक होते हुए रेस्ट हाउस मार्ग से पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक और गरियाबंद रोड पर गुजरते हुए पंडित सुन्दरलाल शर्मा चौक से महामाया मंदिर तथा श्री राजीव लोचन मंदिर मार्ग होते हुए देर रात रानी श्यामकुमारी देवी धर्मशाला में पहुंची। शोभायात्रा निकालने के पहले भगवान परशुराम की पूजा अर्चना पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,राजिम ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, नवापारा ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा, धीरेंद्र शर्मा, कैलाश शुक्ला, सुनील तिवारी, विकास तिवारी, नंदकिशोर शर्मा, विकास शर्मा, संतोष शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, संतु शर्मा, राजू शर्मा तथा समाज के विशेष रूप से सुअंजना उपाध्याय,सुश्री छाया राही,मनीषा शर्मा,नवापारा महिला ब्राम्हण समाज की अध्यक्ष रेखा तिवारी,कोषाध्यक्ष सुभाषिनी शर्मा,उपाध्यक्ष तनु मिश्रा,रूचि शर्मा सहित बड़ी संख्या में मौजूद मातृशक्तियो ने भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना कर आरती की। धुमाल बाजा और जय परशुराम के जयकारे के बीच शोभायात्रा का रास्ते भर जमकर स्वागत हुआ। चौक-चौराहों में विभिन्न समाज के लोग खड़े होकर भगवान परशुराम की जय-जयकार किए। ढोल ढमाके और लाइटिंग के बीच शोभायात्रा का दृश्य देखते ही बन रहा था।





**शोभायात्रा में ये थे शामिल-** शोभायात्रा में विशेष रूप से संरक्षक संतोष उपाध्याय ,अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, सचिव धीरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष महितोष शर्मा, उपाध्यक्ष सुनील तिवारी ,सहसचिव सपन शर्मा, आर एन तिवारी, धर्मेंद्र, नंदी शर्मा, विवेक शर्मा, शेखर मिश्रा आलोक शर्मा, शशिशेखर शर्मा, सबेरा शर्मा, राजेंद्र शर्मा, नीरज शर्मा, हेमंत, संतोष, रूपेश, नवापारा ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा, रमेश तिवारी, अजय तिवारी, कैलाश शुक्ला, ज्ञानेश शर्मा, रूपेश तिवारी, राकेश ,सुभाष, अमित, विमल, तामेश्वर, योगेश, दानीशंकर, रोशन, अमित, रामनारायण मिश्रा, रमेश, प्रकाश शर्मा, कान्हा, मनहरन, शुभम ,शेषनारायण, संजय, चंद्रहास, ओंकार, प्रमोद, विकास, आशीष पाण्डेय,सुअंजना उपाध्याय ,छाया राही, सुनीता शर्मा, अनिता, ब्राम्हण महिला समाज नवापारा की अध्यक्ष रेखा तिवारी, सीमा शर्मा, नमिता, भावना, तृप्ति,पद्मा, कविता, योगिता, प्रतिभा, ममता, शिखा, तारणी, रतना, संध्या, रुचि शर्मा,सोमा शर्मा, नंदनी, सविता, रमा,ए के शर्मा, व्यासनारायण चतुर्वेदी, विनय, गजेन्द्र, किरण, आशीष, डोमन, शशांक पाण्डेय,वरिष्ठ पत्रकार वेदप्रकाश तिवारी,श्यामकिशोर शर्मा,रमेश तिवारी, ज्ञानेश शर्मा, चंद्रशेखर मिश्रा,आलोक शर्मा,अनंत पुराणिक,समाज के वरिष्ठ अजय तिवारी,नंदकिशोर शर्मा,विवेक शर्मा,अशोक मिश्रा,चंद्रहास दुबे,रूपेश शर्मा, जय शर्मा ,आयुष, श्रेयांश,दिव्यांश, आयुष, वेदांत, चंदन, संस्कार, अभय,विजय शर्मा,आर एन तिवारी, महितोष शर्मा,योगेश शुक्ला, कैलाश तिवारी,अंकित शर्मा,लक्ष्मीनारायण मिश्रा,दानीशंकर शर्मा,सुनील तिवारी,मनहरण शर्मा,,डॉ. ए. के. शर्मा, अभिजीत मिश्रा, अनुराग मिश्रा, अभिनव मिश्रा, रेखा शुक्ला,नंदनी शर्मा, संगीता शर्मा,स्मृति शर्मा,कुशाली दीवान,सुषमा शर्मा, किरण तिवारी,रश्मि तिवारी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां मौजूद थी।

## खबर संक्षेप



### राम-जानकी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**फिंगेश्वर।** ग्राम बलरामपुर (बिड़ोरा) में इन दिनों धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिल रहा है। यहां भव्य श्री राम-जानकी मंदिर का निर्माण और उसके प्राण प्रतिष्ठा का कार्य पूर्णता की ओर है, जिसके साथ ही पूरे ग्रामवासी मिलकर राम दरबार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का पावन आयोजन कर रहे हैं। इस धार्मिक अनुष्ठान को आचार्य पंडित प्रमोद शर्मा जी के सान्निध्य में विधि-विधानपूर्वक संपन्न कराया जा रहा है। मंदिर स्थापना के इस महोत्सव के दौरान पूरे गांव में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। विशेष रूप से शुक्रवार शाम भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता जानकी एवं हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भगवान की प्रतिमाएं पूरे ग्राम भ्रमण पर निकलीं। इस दौरान हर घर के आंगन में पहुंचकर भगवान ने ग्रामवासियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

### 6 महीने से अटकी वृद्धा पेंशन

**छुरा।** नगर पंचायत क्षेत्र में पिछले 6 महीनों से वृद्धा पेंशन का भुगतान लंबित होने के कारण गरीब महिलाओं एवं बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई हितग्राहियों के लिए यह पेंशन ही उनकी जीविका का मुख्य साधन है, जिसके नहीं मिलने से उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने इस गंभीर विषय को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया है तथा उच्च स्तर पर भी लगातार पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार जनकल्याण के लिए पूरी तरह संवेदनशील है और माननीय मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में शीघ्र ही इस समस्या का समाधान होने की पूरी उम्मीद है।



### विभा को मिला आशा किरण सम्मान

**रायपुर।** रायपुर सामाजिक संस्था शकुंतला फाउंडेशन ने समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जनसेवा फाउंडेशन की अध्यक्ष विभा सोनी को आशा किरण सम्मानित किया। पिछले दिनों वृंदावन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आई 151 प्रतिभाओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### साबुन-डिटर्जेंट उद्योग को जीएसटी में छूट की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चैंबर प्रतिनिधिमंडल और छत्तीसगढ़ साबुन एवं डिटर्जेंट निर्माता कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश के साबुन एवं डिटर्जेंट उद्योग से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने कपड़े धोने के साबुन पर वर्तमान में लागू जीएसटी दर को घटाकर 5 प्रतिशत किए जाने की मांग करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के नाम ज्ञापन सौंपा। बैठक में वित्त मंत्री ओपी. चौधरी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना तथा आश्वस्त किया कि इस विषय को सकारात्मक दृष्टिकोण से विचार करते हुए राज्य सरकार की ओर से केंद्र सरकार के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, राजेश वासवानी, सलाहकार अमर गिदवानी तथा छत्तीसगढ़ साबुन एवं डिटर्जेंट निर्माता कल्याण संघ के पदाधिकारी हेमराज कृपलानी, कैलाश राठौर, उत्तमचंद तारवानी एवं प्रकाश माखीजा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अंचल में मनाया गया अक्षय तृतीया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम डांगनबाय में अक्षय तृतीया (अक्ति) पर्व इस वर्ष तिथियों के अंतर के चलते दो दिनों में बंटा नजर आया।क्षेत्र के अनेक गांवों में रविवार को ही परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना और अनुष्ठान संपन्न कर लिए गए,जबकि कुछ स्थानों पर सोमवार को पर्व मनाया गया। सुबह से ही गांवों के ठाकुर देव स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। किसानों ने धान, नारियल और हल-नागर के प्रतीकों के साथ पूजा की और खेतों में जाकर प्रतीकात्मक जुताई कर नए कृषि सत्र की शुरुआत का संकेत दिया।इसी दौरान गांवों में पुतरा-पुतरी विवाह की परंपरा भी निभाई गई।बच्चों ने गुड्डे-गुड़ियों का विवाह रचाया, जिसमें तेल-माटी, बारात और भांवर जैसी सभी रस्में पूरी की गईं।मोहल्ले के लोगों ने टीकावन देकर इस आयोजन में भागीदारी निभाई। दोपहर बाद बैगा द्वारा अभिमंत्रित धान को किसान अपने खेतों में लेकर पहुंचे और बुवाई की रस्म अदा की। इसे आगामी फसल के लिए शुभ माना जाता है।वहीं सांझी परंपरा के तहत मजदूरों को भोजन कराया गया।जिन परिवारों में पिछले वर्ष किसी सदस्य का निधन हुआ था,वहां अक्ती तर्पण कर पितरों को जल अर्पित किया गया और पारंपरिक भोग लगाया गया। उधर कुछ विद्वानों द्वारा उदया तिथि को आधार मानते हुए सोमवार को अक्ती मनाने की बात कही गई है,जिसके चलते अन्य क्षेत्रों में तैयारियां जारी हैं। तिथियों को लेकर मतभेद के बावजूद दोनों ही दिनों में ग्रामीण अंचलों में पर्व को लेकर उत्साह बना रहा।

## पानी की समस्या को लेकर मटका लेकर प्रदर्शन, जोन 3 कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 3 के तीन वार्डों में पेयजल की समस्या को लेकर सोमवार को प्रभावित इलाके के रहवासियों ने शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के नेतृत्व में शंकर नगर स्थित जोन कार्यालय का घेराव किया। मटका लेकर जलसंकट के विरोध में जमकर नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने जोन कमिश्नर प्रीति सिंह को जल संकट की समस्या दूर करने ज्ञापन सौंपा।

दरअसल, नगर निगम जोन 3 के खम्हारडीह बस्ती, सेल टैक्स कालोनी, गीतांजलि नगर, गुरू गोविंद सिंह वार्ड के झंडा चौक, जगन्नाथ नगर, काली नगर सहित अन्य इलाकों में जल संकट से वहां के रहवासी परेशान हैं, निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने के बाद भी उनके पानी की समस्या दूर नहीं हुई है। शंकर नगर के न्यू शांतिनगर और गोरखा कालोनी में पानी की समस्या बनी हुई है। पानी की किल्लत दूर करने की मांग को लेकर जोन 3 कार्यालय का घेराव करने पहुंचे महिलाओं और युवाओं ने निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

# ग्रामीणों का डूमरबहाल-केन्दुवन मार्ग की बदहाली पर फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



ग्राम पंचायत डूमरबहाल से केन्दुवन तक जाने वाली लगभग 2 किलोमीटर लंबी कच्ची सड़क की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। वर्षों से उपेक्षित यह मार्ग अब लोगों के लिए बड़ी समस्या बन चुका है। गांव चलों, बस्ती चलों अभियान'के तहत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने एकजुट होकर इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। डूमरबहाल जनसंवाद कार्यक्रम के प्रभारी भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं रायपुर ग्रामीण जिला सहप्रभारी चवन लाल बघेल ने बताया कि यह सड़क वर्तमान में पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। बारिश के मौसम में कीचड़ और गड्ढों के कारण आवागमन लगभग ठप हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग से प्रतिदिन स्कूली बच्चे, मरीज, किसान और मजदूर आवागमन करते हैं। आपातकालीन परिस्थितियों में एंबुलेंस और अन्य वाहनों का गांव तक पहुंच पाना भी मुश्किल हो जाता है, जो गंभीर चिंता का विषय है। श्री चवन बघेल ने यह भी बताया कि पक्की सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से लंबित है, लेकिन अब तक इसे स्वीकृति नहीं मिल सकी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि 'सुशासन तिहार ' से पहले इस मुद्दे को शासन-प्रशासन के समक्ष प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा और डूमरबहाल से केन्दुवन मार्ग के लिए लगभग 2 किलोमीटर पक्की सड़क की स्वीकृति दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि इस बार उनकी समस्या का समाधान होगा और वर्षों पुरानी मांग जल्द पूरी होगी।



## अशोक तीन दिवसीय प्रवास पर इंदौर पहुंचे

**नवापारा-राजिम।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत इंदौर में आयोजित 6 राज्यों के क्षेत्रीय वक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेने प्रदेश कार्यालय मंत्री एवं भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक बजाज आज इंदौर पहुंचे। इस क्षेत्रीय वक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मुंबई, गोवा एवं गुजरात के कार्यकर्ता भाग ले रहें है। आज स्मरण रहे कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत मंडल स्तरीय कार्यशाला संपन्न हो चुकी है, इसके द्वितीय चरण में आगामी दिनों में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरणसिंह देव के नेतृत्व में आज इंदौर पहुंचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने प्रदेश वक्ता टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया।



### रामा यादव का सम्मान

नवापारा राजिम। नवापारा में आयोजित भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज द्वारा नवापारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव का प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

# करोड़ों की शासकीय जमीन की कहीं हेराफेरी कहीं कब्जा, प्रकरण बने लेकिन कार्रवाई शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## राजस्व न्यायालयों में शासकीय जमीन की खरीदी-बिक्री, कब्जा के प्रकरण डंप

तत्कालीन कांग्रेस के शासन काल में राजधानी रायपुर सहित जिले के कई ग्रामों में चारागाह, खेल मैदान, तालाब, मुक्तिधाम सहित अन्य कई शासकीय जमीनों की हेराफेरी करने से लेकर कब्जा के मामले में उजागर हो चुके हैं। इनमें से कई मामलों में तो तहसील न्यायालयों में प्रकरण भी दर्ज हैं, लेकिन इन प्रकरणों में ना ही सुनवाई हो रही है और न ही राजस्व अधिकारियों द्वारा इन प्रकरणों में सख्ती से जांच कराई जा रही है।

परिणाम स्वरूप शासकीय जमीनों की हेराफेरी एवं कब्जा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई भी नहीं हो पा रही है। ऐसा ही एक मामला खरोरा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फरहदा का सामने आया है, जहां लगभग 400 एकड़ शासकीय भूमि पर कई लोगों ने कब्जा कर रखा है, जिसकी शिकायत पिछले वर्ष गांव के सरपंच ने स्वयं तहसीलदार एवं एसडीएम तिल्दा से की थी। इस शिकायत पर इस मामले में कछुआ गति से जांच की जा रही है, वहीं कब्जा भी अभी तक हटाया नहीं गया है।

### सीमांकन कराया जा रहा

शासकीय जमीनों पर कब्जा की जानकारी मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। फरहदा में 3 से 4 सौ एकड़ शासकीय जमीन पर कब्जा की शिकायत पर सीमांकन कराया जा रहा है। सीमांकन और जांच के अनुसार खाली कराई जाएगी शासकीय जमीन। भाठागांव जमीन के मामले में एसडीएम कोर्ट में प्रकरण लंबित है।

**- कीर्तिमान सिंह राठोर, अपर कलेक्टर (राजस्व)**



### भाठागांव में फाइल दो साल से डंप

भाठागांव स्थित 63 एकड़ चारागाह की शासकीय जमीन की हेराफेरी के मामले की फाइल भी पिछले दो वर्ष से रायपुर तहसील में एसडीएम के कोर्ट में डंप पड़ी हुई। इस प्रकरण में न ही सुनवाई हो रही हैं और न ही जमीन के पुराने रिकार्ड में दर्ज 173 किसानों के हटाए गए नाम या उनके वंशावलियों के नाम रिकार्ड में पुनः चढ़ाए गए हैं।

### उच्च स्तरीय टीम गठित कर जांच कराने की मांग

इस मामले में गांव के सरपंच संजय साहू ने बताया कि करोड़ों रुपए की शासकीय जमीन पर कब्जा हुआ है। इस कब्जा के कारण गांव में शव दफनाने के लिए तक जगह नहीं बची है। लोगों को तालाब पार जाकर शव को दफनाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले में उच्च स्तरीय टीम गठित कर जांच करानी चाहिए, ताकि शासकीय जमीन को मुक्त किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पूरी जमीन शासकीय है, इसका रिकार्ड में चढ़े दस्तावेज हैं। कब्जारहित जमीन चारागाह, तालाब, मुक्तिधाम, खेल मैदान, सड़क सहित अन्य कार्य के लिए आरक्षित है।

### अधिकारी गंभीर नहीं एक पटवारी-आरआई से कराई जा रही जांच

ग्राम फरहदा में करोड़ों रुपए की शासकीय जमीन पर कब्जा की शिकायत को लेकर राजस्व अधिकारी कितने गंभीर है। यह इस मामले में की जा रही जांच से पता चलता है। एसडीएम तिल्दा तक पहुंची इस शिकायत के बावजूद इस मामले में पिछले कई महीनों से सिर्फ एक पटवारी और एक राजस्व निरीक्षक के माध्यम से ही जमीन का सीमांकन कराया जा रहा है। यहीं कारण है कि अभी तक लगभग 80 एकड़ भूमि का ही सीमांकन किया जा सका है। सीमांकन में यह पूरी जमीन शासकीय पाई गई है। इस क्षेत्र के तहसीलदार मंडाई ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि जमीन बहुत बड़ी है, इसलिए सीमांकन में समय लग रहा है, क्योंकि उनके पास राजस्व के दूसरे कार्य भी हैं।

# जनता का विश्वास जीतने पुलिस चला रही संवाद से समाधान जन जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



लोगों का विश्वास जीतने पुलिस, कमिश्नरेट के शहर के सभी थाना क्षेत्रों में संवाद से समाधन जन जागरूकता अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पुलिस कमिश्नरेट के वेस्ट जोन टिकरापारा थाना क्षेत्र की कमल हाईट वेलफेयर सोसाइटी की मांग पर कमल विहार सेक्टर-4 में समाज की सुरक्षा, कानून व्यवस्था, साइबर अपराध, नशा मुक्ति एवं अन्य जनहित विषयों पर पुलिस द्वारा सोमवार को सीधा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में टिकरापारा थाना के टीआई सहित पुलिस स्टाफ के अलावा कमल विहार पुलिस सहायता केंद्र के स्टाफ ने आम नागरिकों की समस्याओं एवं सुझावों को सुनने के बाद उनके समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिए। साथ ही नागरिकों को साइबर अपराध से बचाव, नशा मुक्ति तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। पुलिस ने स्थानीय रहवासियों से अपील करते हुए कहा कि जन सहभागिता ही सुरक्षित समाज की आधारशिला है। सभी सम्मानित नागरिकों से आग्रह किया गया कि वे ऐसे जनहितकारी जागरूकता कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुलिस-जन संवाद को सशक्त बनाएं और समाज में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। उक्त कार्यक्रम में वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आनंद श्रीवास, कमल हाईट के अध्यक्ष विकास मिश्रा, सोसाइटी के पदाधिकारी सहित स्थानीय रहवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

पेज 7 के शेष...

### पट्टानाला में पुल...

लगातार प्रयास करने के बाद देर शाम 6 बजे लिखित आश्वासन पट्टाबहाल नदी में पुल निर्माण क्षेत्रवासियों के मंशा अनुसार वर्षा ऋतु उपरांत प्रारंभ कराने की कोशिश तब तक क्षतिग्रस्त रपटा को आवागमन योग्य बनाने के आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त किया गया।

**बगैर अनुमति के रपटा को तोड़ा गया : पुस्तम-** अमाड़ के पूर्व सरपंच एवं आदिवासी युवा नेता पुस्तम मांझी ने कहा अमाड़ जाने वाले मार्ग मे वन विभाग द्वारा रपटा का निर्माण किया गया था जिसे बगैर अनुमति के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग द्वारा तोड़ दिया गया और नया पुल निर्माण की बात कही गई थी लेकिन पुल निर्माण नहीं करने के कारण मंगलवार को मजबुरन चक्काजाम करने मजबुर हो रहे है। बारिश के दिनों में इस क्षेत्र में आना -जाना पूरी तरह अवरूद्ध हो जाता है जिसके कारण गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक नहीं ला पाते और कई लोगों की अकाल मृत्यु भी हो चुकी है इसके लिए कौन जिम्मेदार है। इस मौके पर संजय नेताम, लोकेश्वरी नेताम, टीकम नागवंशी, पुस्तम मांझी, अर्जुन नायक, मदन यादव, माधुरी नेताम, गणेश राम, कैलाश सोरी, नरहर सोरी, अरविंद नेताम, भानु सिन्हा, मोहन मरकाम, मोतीलाल, मिथुला बाई, मानसिंग एवं हजारो की संख्या मे क्षेत्र के लोग शामिल थे।

### जनगणना में इस ...

तथा सुविधा एवं संपत्ति से जुड़े प्रश्न शामिल हैं। घर से संबंधित प्रश्नों में आवास का प्रकार (कच्चा/पक्का), स्वामित्व, कमरों की संख्या, पेयजल स्त्रोत, शौचालय, बिजली, रसोई ईंधन एवं कचरा निपटान की व्यवस्था शामिल है। वहीं सुविधा एवं संपत्ति के अंतर्गत मोबाइल/फोन, टीवी/रेडियो, इंटरनेट, वाहन, बैंक खाता एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली जाएगी। रोजगार से जुड़े प्रश्नों में कार्य की स्थिति, कार्य का प्रकार, व्यवसाय, कार्य क्षेत्र, नियमितता, साल में कार्य दिवसों की संख्या तथा बेरोजगारी की स्थिति शामिल है। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि उत्तरदाता स्वगणना के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं भर सकेंगे, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सटीक होगी। अधिकारियों ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सही एवं पूर्ण जानकारी प्रदान कर जनगणना कार्य में सहयोग करें, ताकि शासन तक सटीक आंकड़े पहुंच सकें और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

## खबर संक्षेप



### जामगांव में जगदीश्वर गरीबनाथ शिव मंदिर की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**फिंगेश्वर।** ग्राम जामगांव के पुरोहित नेहरू तिवारी के द्वारा अपने पूर्वजों के नाम से जगदीश्वर गरीबनाथ शिव मंदिर का निर्माण किया गया था उसकी आज विधिवत पूजा अर्चना कर प्राणप्रतिष्ठा किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय हिंदु वाहिनी संगठन जिला गरियाबंद के जिला अध्यक्ष दशरथ सिन्हा, उपाध्यक्ष अरुण सिन्हा, जिला प्रभारी मिंजून साहू, मीडिया प्रभारी नीलम साहू, शिवराम सिन्हा, द्वारिका साहू, राजेंद्र साहू, चिंताराम दीवान, जिला महिला प्रकोष्ठ के सदस्य एवती साहू, नीतू तिवारी, कामता तिवारी, दिनेश चौबे सहित गांव के गण मान्य नागरिक गण शामिल हुए।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित न होना महिलाओं के अधिकारों पर कुठाराघात : मिश्रा

**राजिम।** संसद में महिला आरक्षण बिल का पारित न होना केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के साथ घोर अन्याय है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिला बिल पर पूरे देश को



एक सुर होना था, उस पर पूरे विपक्षी गठबंधन ने अपनी संकीर्ण मानसिकता का परिचय देते हुए घोर विरोध किया। विपक्षी दलों का यह रवैया यह दशार्ता है कि उनके लिए महिलाओं का सम्मान, उनका अधिकार, उनका सशक्तिकरण केवल एक चुनावी नारा है, जबकि हकीकत कुछ और है। वे केवल राजनीति करते हैं, देश हित और राष्ट्र हित से उनका कोई सरोकार नहीं है। यह वही मानसिकता है जिसने पिछले 30 वर्षों से इस बिल का विरोध करते आ रहे हैं। आज जब उन्हें बराबरी का अधिकार देने का समय आया तो हाथ खड़े कर दिए। मैं इस महिला विरोधी सोच का पुरजोर विरोध करता हूं। देश की हर मां, बहन, बेटी के सम्मान तथा उनके अधिकारों से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं की जा सकती। अब समय आ गया है, महिलाएँ अपनी अस्मिता को बचाए रखने के लिए आने वाले चुनाव में उनको करारा जवाब देंगी।

### गांजा-शराब के लिए चेकिंग में 18 किलो चांदी जब्त

**महासमुंद।** वाहन चेकिंग के दौरान इस बार पुलिस के हाथ 18 किलो चांदी के आभूषण लगे, जिसके संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही कर पाने के कारण पुलिस ने इसे जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए आयकर विभाग को सौंप दिया है। सिंघोड़ा पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग की कार्रवाई अवैध, संदिग्ध और मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए की जा रही थी। लेकिन, बस से सफर कर रहे यात्री का बैग चांदी से बने आभूषणों से भरा मिला। श्याम ट्रैवल्स की बस में सवार यात्री से करीब 18.590 किलोग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए गए। जिसका बाजार मूल्य 46,68,090 रुपए आंका गया है। सोमवार को ओडिशा की ओर से आने वाले वाहनों को रोककर की जा रही चेकिंग के दौरान पुलिस ने ओडिशा की ओर से आ रहे श्री श्याम ट्रैवल्स बस को रोका। लगेज की जांच करते हुए एक यात्री जो ब्लू कलर का बैग पकड़ा हुआ था, ने पूछताछ में अपना नाम राज किशोर शर्मा उर्फ राजू पिता बनवारी लाल शर्मा (58 साल) बालू बजार आलम चंद बाजार लालबाग थाना लालबाग जिला कटक ओडिशा का निवासी होने की जानकारी दी।

# एकलव्य विद्यालय के तीन होनहारों ने बिना कोचिंग जेईई मेंस परीक्षा में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन परीक्षा परिणाम में छुरा के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कोसम्बुड़ा ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। विद्यालय के तीन विद्यार्थियों पायल, नीरा और यश ने जेईई मेन उत्तीर्ण कर जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया है। यह विद्यालय के इतिहास में पहली बार है जब इतनी बड़ी शैक्षणिक सफलता हासिल हुई है। गणित विषय के कुल 7 विद्यार्थियों ने इस कठिन परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें से तीन ने सफलता का परचम लहराया है। छात्रों का प्रदर्शन इस प्रकार रहा। पायल 74.36 परसेंटाइल, नीरा 71.94 परसेंटाइल, यश 57.73 परसेंटाइल। इन विद्यार्थियों की सफलता इसलिए भी विशेष है क्योंकि इन्होंने किसी भी बाहरी कोचिंग का सहारा नहीं लिया। उन्होंने पूरी तरह से विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपने नियमित अभ्यास के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। शिक्षकों की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता का यह उत्कृष्ट प्रमाण है। साथ ही, पायल और यश को नेशनल एजुकेशन सोसाइटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स द्वारा दिल्ली में एक माह के विशेष मेंटरशिप कार्यक्रम के लिए चुना गया है, जहाँ उन्हें उन्नत स्तर की तैयारी का अवसर मिल रहा है।

## शिक्षकों की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट प्रमाण



### सीमित संसाधनों के बावजूद संघर्ष की कहानी

तीनों विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आते हैं। सीमित संसाधनों और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उनकी यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। वर्ष 2024 में नए शिक्षकों और प्राचार्य के नेतृत्व में विद्यालय में आए शैक्षणिक और अनुशासनात्मक सुधार का ही यह सुखद परिणाम है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने कहा की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। विद्यार्थियों ने सिद्ध किया है कि यदि सही मार्गदर्शन मिले और समर्पण हो, तो कठिन से कठिन लक्ष्य भी प्राप्त किया जा सकता है। यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी। वहीं, जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने प्राचार्य और शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा, यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

## आरोप : प्रत्येक विद्यालय से 150 से 300 रुपए तक की राशि वसूली जा रही

# 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा के दस्तावेज बनाने के नाम पर वसूली का आरोप, शिक्षकों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

विकासखण्ड फिंगेश्वर में केंद्रीयकृत कक्षा पांचवीं एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा के फर्द (दस्तावेज) बनाने के नाम पर कथित रूप से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा संकुल समन्वयकों के माध्यम से प्रत्येक विद्यालय से 150 से 300 रुपये तक की राशि वसूली जा रही है। जबकि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षा व्यय के लिए पहले ही लाखों रुपये का बजट उपलब्ध कराया जाता है। इसके बावजूद इस प्रकार की वसूली से शिक्षकों एवं स्कूल प्रबंधन में आक्रोश व्याप्त है।

बताया जा रहा है कि संबंधित विद्यालयों द्वारा छात्रों के फर्द की तीन-तीन प्रतियां नियमानुसार पहले ही जमा कर दी गई हैं। इसके बावजूद पुनः राशि की मांग को शिक्षक अनावश्यक और नियमों के विरुद्ध बता रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि जब सभी आवश्यक दस्तावेज जमा किए जा चुके हैं, तो अतिरिक्त शुल्क लेने का कोई औचित्य नहीं बनता। गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को विभिन्न प्रशासनिक कार्यों के लिए पर्याप्त बजट दिया जाता है। ऐसे में फर्द तैयार करने जैसे कार्य के लिए अलग से राशि वसूलना कई सवाल खड़े करता है। सूत्रों के अनुसार, इस प्रकार की वसूली से विभाग की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। इस मामले में कई शिक्षकों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि वे दबाव में राशि देने को मजबूर हैं, क्योंकि परीक्षा संबंधी कार्य प्रभावित होने का डर बना रहता है। स्थानीय शिक्षा जगत एवं अभिभावकों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि वसूली की पुष्टि होती है, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे।अब देखना होगा कि जिला प्रशासन और उच्च शिक्षा अधिकारी इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं।




### जांच कराएंगे

इस संबंध में शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव ने इस मामले की जांच करने की बात कही और कहा कि कोई शिकायत पत्र होगा तो भेज दीजिए। गरियाबंद के जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर ने बताया कि इस संबंध में हमने कोई आदेश जारी नहीं किया है यह मामला तीन-चार दिन पहले का है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू ने बताया कि इसमें कोई दबाव नहीं है। स्वेच्छा से शिक्षक चाहता है कि मैं एक ही में बना दूं तो बढ़िया सा बन जाएगा। उसमें कांट-छांट की संभावना है इसलिए सीधे नंबर भर दिए और प्रिंट आउट दे दिए।

## कृषि महाविद्यालय के छात्र उत्तर भारत के शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र फिंगेश्वर गरियाबंद के बीएससी (कृषि)तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया जाता है जिसमे छात्र अन्य संस्थाओं एवं एतिहासिक स्थानों का भ्रमण करते हैं। कृषि की आधुनिक बारीकियों और व्यावहारिक ज्ञान से रूबरू होते हैं। इसके लिए इस बार छात्रों के लिए दिल्ली, चंडीगढ़ सहित उत्तर भारत के विभिन्न महत्वपूर्ण राज्यों के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।यह शैक्षणिक दौरा 20 अप्रैल से 1 मई 2026 तक प्रस्तावित है। इस यात्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर, उन्हें कृषि और संबंधित विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत देश के ख्याति प्राप्त शैक्षणिक और शोध संस्थानों के प्रत्यक्ष अनुभव से अवगत कराना है। इस भ्रमण के माध्यम से छात्र विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रें के वैज्ञानिकों, अनुभवी शोधकर्ताओं और अन्य कृषि छात्रों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर सकेंगे, जिससे उनके शैक्षणिक दृष्टिकोण में व्यापक विस्तार होगा। अपनी इस यात्रा के दौरान छात्र देश के प्रतिष्ठित संस्थानों का भ्रमण कर वहां चल रहे नवाचारों को समझेंगे। इस भ्रमण के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आई ए आर आई) पुसा, नई दिल्ली, केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान (सीएसएस आर आई) करनाल, राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (एनडी आर आई) करनाल, आईसीएआर(मशरूम) अनुसंधान निदेशालय, सोलन, केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान (सीपीआर आई) कुफरी, शिमला, क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, बजाउरा (कुल्लू), कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) कुल्लू प्रस्तावित है। इसके साथ ही इन क्षेत्रें के प्रमुख ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल का भी भ्रमण कर उनकी विशेषताओं को देखकर, समझेंगे। इस प्रवास से छात्रों को विभिन्न कृषि पर्यावरणीय प्रणालियों को करीब से देखने का अवसर मिलेगा।

# बच्चों ने रचाई गुड्डा-गुड़िया की शादी, बाजारों में भारी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



नगर सहित अंचल मे अक्षय तृतीया याने अक्ति का पर्व पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ हर्षोंउल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने सोने चांदी सहित बाइक, इलेक्ट्रानिक सामान के अलावा अल्य सामानों की खरीदारी की। वहीं पर बच्चों ने गुड्डा गुड्डी के मिट्टी से बने पुतले का विवाह का रस्म अदा करते हुए विवाह कराया। लोगों ने मिट्टी से बने मटकी को शिव मंदिर में जलाभिशेक के लिए दान दी। वहीं पर पीने के लिए घर के लिए मटकी खरीदा।

पर्व इस वर्ष बड़े हो उत्साह, उमंग और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाजारों में रौनक देखने को मिली। विशेष रूप से कुम्हारों द्वारा तैयार किए गए मिट्टी के गुढे-गुड़िया, छोटे-छोटे बर्तन, चूल्हा, तवा, मटका, परात और घरेलू उपयोग की अन्य पारंपरिक वस्तुओं की जमकर बिक्री हुई। बच्चों और महिलाओं ने बड़ी संख्या में बाजार पहुंचकर इन वस्तुओं की खरीदारी की। नगर के विभिन्न मोहल्लों में बच्चों ने गुड्ढे-गुड़ियों की शादी का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया। कहीं बारात निकाली गई तो कहीं मंडप सजाकर सभी विवाह रस्में निभाई गई। बच्चों ने घरों के आंगन और छतों पर रंग–बिरंगे कागज, फूलों और कपड़ों से सुंदर मंडप सजाए। गुड्ढे को दूल्हा और गुड़िया को दुल्हन बनाकर बाकायदा हल्दी, वरमाला, फेरे और विदाई जैसी रस्में भी निभाई गई। शादी के बाद परंपरा के अनुसार टिकावन की रस्म भी की गई। इस दौरान बच्चों ने गुड्ढे गुड़ियों को नए कपड़े पहनाए और उन्हें मिट्टी के बर्तनों के साथ एक स्थान पर सजाकर रखा। कई घरों में महिलाओं और बुजुर्गों ने बच्चों को इस पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और इसका उद्देश्य बच्चों को पारिवारिक संस्कार, सामाजिक परंपराएं और भारतीय संस्कृति से जोड़ना है। वहीं पर अक्षय तृतीया पर्व पर भगवान विष्णु एवं लक्ष्मी की एवं शंकर पार्वती की पूजा अर्चना कर लोगो ने घर मे सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की एवं भोग प्रसादी का वितरण किया।

# कांग्रेस व विरोधी दलों ने महिला शसक्तीकरण अधिनियम के साथ विश्वासघात किया : भाजपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पारित नही होने पर भाजपा ने इसे महिला सशक्तिकरण के साथ वि"वासघात बताया है और कांग्रेस सहित अन्य विपक्षिय दलो पर हमला बोलते हुए कहा है देश की आधी आबादी के साथ अन्याय किया गया है तथा इसे महिलाओ की राजनीतिक भागीदारी को सीमित करने वाला दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम बताया है। भाजपा गरियाबंद जिले के पूर्व उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वन्दन अधिनियम का विरोध करके कांग्रेस और विपक्षी दलों ने साबित कर दिया कि वे महिला विरोधी हैं।

भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमति सुहागा पाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की महिलाओं को उनका अधिकार देने के लिए सदन में नारी शक्ति वन्दन अधिनियम पेश किया ताकि देश की महिलाएँ 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ लोकसभा एवं विधानसभाओं में नेतृत्व करे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर ने कहा की नारी शक्ति वन्दन अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने न केवल इसे पारित होने से रोका बल्कि देश की आधी आबादी महिलाओं के अधिकारों का विरोध कर उनका हक छीना।

भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोश यादव ने कहा कि कांग्रेस व विपक्षी दल के महिला विरोधी रवैये से देश की मातृशक्ति भारी नाराज है। भाजपा मंडल महामंत्री दिनेश सचदेव ने कांग्रेस को महिला विरोधी पार्टी बताते हुए आरोप लगाया कि सत्ता मे महिलाओ की भागीदारी केवल अधिकार नही बल्कि लोकतंत्र की मजबुती है इससे साफ पता चलता है कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियां महिलाओ को सत्ता मे बराबर की भागीदारी देना ही नही चाहती। जनपद पंचायत मैनपुर अध्यक्ष मोहना नेताम कहा कि केन्द्र के भाजपा सरकार द्वारा महिला आरक्षण से जुड़े नारी शक्ति वन्दन अधिनियम विधेयक लोकसभा में लाए गए थे नारी शक्ति वन्दन अधिनियम को लेकर देशभर की महिलाओं में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा था। जनपद सदस्य एवं भाजपा नेत्री कुमारी बाई पटेल ने कहा कि कांग्रेस ने महिला आरक्षण का विरोध करके देश की महिलाओं के साथ अन्याय किया है जिसे सदैव याद रखकर कांग्रेस को सबक सिखाएंगीं। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नंदनी नेताम ने कहा की आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है लेकिन विपक्ष का इस प्रकार का विरोध केवल एक राजनीतिक मतभेद नहीं, बल्कि उनकी सोच का परिचायक है जब जब महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करने की बात आती है, तब इस तरह की बाधाएं लोकतंत्र की भावना को आहत करती हैं।

# अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती पर निकली शोभायात्रा

**अभनपुर।** अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर नवा रायपुर ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्तिमय रंग में रंग दिया। श्रद्धा, उत्साह और परंपरा के संगम ने ऐसा माहौल बनाया कि हर ओर जय परशुराम के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि संदीप शर्मा (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग) द्वारा ध्वज दिखाकर एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद निकली शोभायात्रा में भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी मुख्य केंद्र रही, जिसमें भगवान राम की प्रतिमा भी आकर्षण रही। पारंपरिक वेशभूषा में सजे समाज के युवा, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में




शामिल हुए।शंखनाद, ढोल-ताशों की गूंज और जयकारों से नवा रायपुर के विभिन्न सेक्टर गूंज उठे। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा, आरती, आतिशबाजी और जलपान की व्यवस्था कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।यात्रा के दौरान युवाओं ने शौर्य प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य प्राचीन संस्कृति व सामाजिक एकता को मजबूत करना और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति व गौरवशाली परंपराओं से जोड़ना है। कार्यक्रम में आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी समां बांध दिया। शोभायात्रा का समापन सेक्टर-27 स्थित शिवालय परिसर में धर्मसभा के साथ हुआ, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। देर शाम तक चले इस भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम की सफलता में नवा रायपुर ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों, सदस्यों और कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### धूमधाम से मनाया गया अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती



**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्रामीण अंचल में 20 अप्रैल को परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गांव-गांव के चौक-चौराहों पर पारंपरिक रूप से गुड्डा-गुड़िया का विवाह रचाया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने पूरे विधि-विधान और उत्साह के साथ इस परंपरा का निर्वहन किया। इसी क्रम में ग्राम खड़मा के गौरा चौक में भी बच्चों द्वारा गुड्डा-गुड़िया का विवाह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराया गया। इस आयोजन में गौरव नन्दे का सहयोग सराहनीय रहा।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के परिणाम घोषित

**रसेला।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में विकासखंड में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 - 26 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। जिसमें सभी प्रतिभागी बच्चों के परीक्षा परिणाम बहुत ही उत्साहवर्धक और गौरवमयी रही। यह परीक्षा स्कूली बच्चों में भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की जाती है, जिसमें इस वर्ष सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस परीक्षा में 5 वीं से 12 वीं कक्षा तक के छात्र शामिल हुए, जिसका



मुख्य उद्देश्य शिक्षा को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना है। इस आयोजित परीक्षा परिणाम में कक्षा 5 वीं से ईशान पिता जयराम दीवान प्राथमिक शाला गुरुकृपा मंदिर रसेला प्रथम वहीं श्रेता पिता राजजायस जयसवाल गुरुकृपा से द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी कड़ी में गुरू कृपा विद्यालय के संचालक प्रशांत अग्रवाल, प्राचार्य सुधीर मिश्रा, शिक्षकवृन्द एवं प्रबंधन समिति के सभी सदस्यगण, जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच रूपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, लोकराम यादव पटेल ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा बच्चों के नैतिक विकास में प्रेरक भूमिका निभाती है और बच्चों को पुस्तक से मित्रता करने और निरंतर अध्ययन की आदत विकसित करने की सलाह दी। सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह मेहनत कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सही जानकारी से ही पहुंचेगा विकास हर घर तक : साहू

**राजिम।** जनगणना 2026-27 को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने हेतु क्षेत्र में अपील जारी की गई है। इस संबंध में जिला पंचायत के पूर्व सदस्य व भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने सभी



नागरिकों से जनगणना में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। कहा कि जनगणना केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि देश और क्षेत्र के समग्र विकास की आधारशिला है। जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ही सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास एवं बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं का निर्माण करती है, जिससे हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। चंद्रशेखर साहू ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग स्व-गणना में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा अपने परिवार की सही और पूर्ण जानकारी दर्ज करें। उन्होंने यह भी कहा कि जब प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करें, तब उनका सहयोग करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। कहा कि सटीक और सही जानकारी से ही विकास की योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू हो सकती हैं। यदि आंकड़े सही होंगे, तो शासन-प्रशासन द्वारा बनाई गई योजनाएं जरूरतमंद लोगों तक आसानी से पहुंच पाएंगी और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ सुनिश्चित होगा। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि जनगणना 2026-27 को सफल बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं और देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सक्रिय भागीदार बनें।


### चाकू लहराकर डराने धमकाने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** नगर के संजय कानन के पास बटनदार चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने वाले एक युवक के खिलाफ कोतवाली थाने में आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि 20 अप्रैल को आरोपी भारत साहू पिता हेमलाल साहू (19 साल) निवासी वार्ड नं 2 इमलीभांठा बटनदार चाकू लेकर संजय कानन के पास लोगों को डरा धमका रहा था। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।

**अनदेखी : घने जंगल के भीतर सुरक्षा के नहीं कोई इंतजाम, 15-20 फीट ऊंचाई से छलांग लग रहे युवा**

# पैरी घूमर जलप्रपात बना पर्यटकों का पसंदीदा डेस्टिनेशन

# सिकासर जलाशय से पानी छूटने के बाद से बढ़ा आकर्षण









हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

**अलग खबर**

**15-20 फीट ऊंचाई से छलांग लग रहे युवा दुर्घटना की संभावना**

पर्यटकों की लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से यहां शासन प्रशासन को इंतजाम करने की जरूरत है ताकि आने वाले दिनों में कोई बड़ी घटना दुर्घटना को रोका जा सके हालांकि पैरी घूमर जलप्रपात इन दिनों इस भीषण गर्मी में लोगों का पहले पसंदीदा स्थान बना हुआ है और भारी भीड़ लगा हुआ है, यहां कुछ युवा रील बनाने के चक्कर में 15-20 फीट ऊंचाई से सीधे पानी पर छलांग लगा रहे हैं पैर फिसलने या फिर डगमगने से पत्थर में गिरने की संभावना बनी हुई है जिससे कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है इसलिए यहां सुरक्षा के लिहाज से शासन प्रशासन को इंतजाम की जरूरत है।

इन दिनों भीषण गर्मी और तेज धूप में राहत पाने के लिए लोगों की भीड़ पैरी घूमर जल प्रपात में लग रही है खासकर रविवार और छुट्टी के दिनों में हजारों की संख्या में बड़े शहरों से पर्यटक सुबह से पहुंचते हैं इन दिनों भीषण गर्मी में यहां वॉटरफॉल की खूबसूरती और ठंडा वातावरण लोगों को अपनी और चुंबक की तरह आकर्षित कर रहा है यहां न केवल चिलमिलाती धूप और गर्मी से राहत मिल रही है बल्कि लोग प्राकृतिक के करीब होने का अनूठा अनुभव का एहसास भी कर रहे हैं। तेज धूप में ठंडा पानी की धार में लोग काफी खुश नजर आ रहे थे पैरी घुमर जल प्रपात इस भीषण गर्मी में लोगों राहत प्रदान कर रहा है, प्रतिदिन इस झरने में पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है, ठंडे पानी की इस झरने में तेज धुप के बीच लोग खूब अठखेलियां करते दिखाई दे रहे हैं और चारो तरफ पर्यटकों की भीड़ नजर आ रही है लेकिन जंगल के भीतर स्थित इस बेहद खुबसुरत जल प्रपात स्थल में सुरक्षा के कोई इंतिजाम नहीं है जो चिंता का विषय है। मैनपुर से 22 किलोमीटर दूर घने जंगल और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच हजारों पर्यटकों के भीड़ यहां झरने के ठंडे पानी में पिकनिक मनाते और जमकर झरने में नहाने का आनंद लेते दिखाई दिए। क्षेत्र के साथ बड़े शहरों से लोग पिकआप, ट्रैक्टर, जीप, लग्जरी कारों से यहां अपने सुविधा अनुसार पहुंच रहे हैं। गरियाबंद जिले के पैरी घूमर में सिकासर जलाशय से पानी छोड़ने के कारण यहां पर्यटकों की भीड़ लगी हुई है सिंचाई वह गर्मी से निजात दिलाने के लिए निस्तार की समस्या दूर करने जलाशय से पानी छोड़ा गया है जिसके कारण पैरी घूमर जलाशय में पानी की जोरदार धार बह रही है और यहां पर्यटक पहुंचकर भीषण गर्मी में राहत पाने घंटो जंगल और प्रकृति के बीच अपना समय बिता रहे हैं।

**पर्यटन की दृष्टि में यहां विकास कार्य किया जाएगा-** सिंचाई विभाग गरियाबंद के कार्यपालन अभियंता श्री एस के बर्मन ने बताया पैरी घूमर जलप्रपात में पानी की धार चल रही है और बड़ी संख्या में यहां लोग पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया की आने वाले समय में यहां पहुंचने वाले पर्यटकों के लिए सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कार्य योजना बनाई जा रही है जिससे लोगों को कोई परेशानी ना हो, यहां पर्यटन की दृष्टि में विकास योजना पर कार्य किया जाएगा।

## पूर्व छात्रों को पीएम इंटर्नशिप पोर्टल की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर



फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर के भूतपूर्व स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं की बैठक आहूत की गई थी जिसमें शेख इमरान, पारूल यदु, योगिता शर्मा, जितेश, अनिरूद्ध हरित, आशा गुप्ता, निशा यदु, हितेश साहू, देवानंद आदि उपस्थित हुए। उक्त बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राध्यापक रितेश गोलछा द्वारा एवं मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजू साहू की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य एलुमनी समिति का गठन कर पंजीयन कराना था। उपस्थित सदस्यों के सर्वसम्मति से शेख इमरान को संरक्षक सदस्य, कु. पारूल यदु को अध्यक्ष, कु. निशा यदु को उपाध्यक्ष, अनिरूद्ध हरित को सचिव, जितेश को सहसचिव एवं कोषाध्याक्ष के रूप में कु. योगिता शर्मा को नामांकित किया।जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजू साहू ने सभी भूतपूर्व छात्रों को महाविद्यालय के सवांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी महाविद्यालय को शीर्ष तक पहुंचाने का जज्बा रखते हैं। बैठक का संचालन कर रहे प्राध्यापक तीरथ राम कपूर समिति ने उद्देश्यों एवं नियमों को संक्षिप्त रूप से बताते हुए कहा कि समिति के कार्यकारिणी महाविद्यालय के शैक्षणिक विकास के लिए अपने अमूल्य सुझाव एवं नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान करेंगे।

## नवापारा में मनाई गई दानवीर भामाशाह की जयंती





हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

मंगलवार को शहर के मेन रोड चौक में साहू समाज ने दानवीर भामाशाह की जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई। इस अवसर पर आयोजित समारोह में समाज के लोगों की भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दानवीर भामाशाह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम की शुरूआत भामाशाह के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने अपनी समस्त संपत्ति महाराणा प्रताप को समर्पित कर देशभक्ति और त्याग का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके इस महान दान ने मेवाड़ की रक्षा और स्वाभिमान को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि भामाशाह का जीवन हमें परोपकार, त्याग और राष्ट्रहित के लिए समर्पण की प्रेरणा देता है। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। समाज के वरिष्ठजनों ने युवाओं से आह्वान किया कि वे भामाशाह के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और समाजहित में कार्य करें। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, रायपुर जिला ग्रामीण किसान मोर्चा के अध्यक्ष परदेशी राम साहू, मां काली मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू,नवापारा परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष रमेश साहू, मयाराम साहू, पार्षद निर्मला-धीरज साहू, नवापारा महिला मोर्चा के अध्यक्ष धनमती साहू, किसन साहू, संतोष साहू, निरज साहू, पूजा कंसारी, लोकिन साहू, गज्जु साहू, मीना साहू, योगिता सिन्हा, हर्षा कंसारी, प्रभा बांसवार सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## जल संरक्षण को लेकर महिलाओं में दिखी जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

**कौन्दकेरा में निकाली गई रैली, घर-घर जाकर सोक पीट निर्माण का दिया संदेश**





विजय विकास महिला संकुल संगठन कौन्दकेरा में भीषण गर्मी में जल संरक्षण के लिए हर घर सोक पीट निर्माण के संबंध में जन जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें घर-घर जाकर लोगों को सोक पीट निर्माण के लिए जागरूक किया गया एवं उसके लाभ के बारे में जानकारी दिया गया। इसके साथ ही जल संरक्षण के लिए महिलाओं ने लोगों को पानी की बचत और संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया।इस रैली का उद्देश्य जल संसाधनों के संरक्षण और उनके महत्व के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाना था जिससे वॉटर लेबल बढ़ सके वहीं रैली में शामिल महिलाओं ने जल संरक्षण के लिए शपथ ली और लोगों से अपील की कि वे पानी की बचत करें और जल संसाधनों का संरक्षण करें।बिहान समूह की महिलाओं ने जल संरक्षण के विभिन्न तरीकों के बारे में भी जानकारी दी, जैसे कि पानी की बूंद-बूंद बचाना,जल संचयन करना और जल प्रदूषण को रोकना।इस रैली का आयोजन जल संरक्षण के महत्व को बढ़ावा देने और लोगों को जल संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रेरित करने के लिए किया गया था। नोडल अधिकारी तेजस्वी सिन्हा ने सेव वाटर के महत्व को बताते हुए कहा कि जल के बिना जीवन असंभव है। जल है तो कल है जो हम सभी की जिम्मेदारी है। हम सभी पानी की 1-1 बूंद के महत्व को समझें। वहीं सोक पीट निर्माण करने वाले वॉटर लेबल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण से आने वाले समय में इसका महत्व और भी अधिक बढ़ने वाला है।हम सभी को पानी को बचाने के लिए संकल्पित होना पड़ेगा। जागरूकता रैली में कलस्टर नोडल अधिकारी तेजस्वी सिन्हा,पीआरपी बबीता साहू,जनपद सदस्य रामेश्वरी कुर्रे, सरपंच राधिका यादव, पंच एवं बिहान समूह की महिलाएं उपस्थित थी।




## नपं छुरा में 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़ा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा



नगर पंचायत छुरा द्वारा नगर क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विशेष स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 21 से 5 मई 2026 तक प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से 8:00 बजे तक चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत नगर के सभी वार्डों में निर्धारित तिथि के अनुसार सफाई कार्य किया जाएगा। प्रत्येक दिन अलग-अलग वार्डों में नालियों की सफाई, कचरा संग्रहण, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता एवं नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न स्थानों जैसे मुख्य मार्ग, मंदिर परिसर, तालाब क्षेत्र, स्कूल परिसर एवं सार्वजनिक स्थानों में विशेष साफ-सफाई की जाएगी। नगर पंचायत द्वारा वार्डवार टीम गठित कर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि अभियान प्रभावी रूप से संचालित हो सके। नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने खुद स्वच्छता कर समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार है और सामूहिक प्रयास से ही स्वच्छ नगर का निर्माण संभव है। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी भी प्रतिदिन उपस्थित रहकर कार्यों की निगरानी करेंगे। इस पहल से नगर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ने और स्वच्छ वातावरण निर्माण में सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है। स्वच्छता हेतु सभापति बलराज पटेल, नारायण पटेल, आसकरण टंडन, दुलम बाई ध्रुव, बेदू निर्मलकर, शोभाराम साहू, आशीष चंद्राकर, तिलक राम टंडन, संतोष यादव, युवराज सिन्हा, कृष्णकुमार साहू, मिथलेश सिन्हा, मनोज दुबे, निखिल साहू, कुश साहू, भवानीशंकर सेन, रमेश निर्मलकर, रूपेश साहनी, सुंदर ध्रुव, संगीता साहनी, ईश्वरी सोनवानी, छोटू, कुमारी बाई एवं स्वच्छता दीदी सहित गणमान्य जन उपस्थित थे।

